वर्ष 02 | अंक 29 | पृष्ठ 04 | मूल्य 5 ₹ | बुरहानपुर, शनिवार , 28 दिसंबर 2024 | पोष कृ. 10 पतिपदा संवत् 2081

मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं उत्तर-प्रदेश, महाराष्ट, गुजरात में एक साथ प्रसारित....

दैनिक
# प्रदेश स्वराज

R.N.I. No. MPHIN/2023/89085

प्रधान संपादकः दिनेश शिवहरे

E-paper: www.pradeshswaraaj.com | E-mail: pradeshswaraj25@gmail.com | What's up Dr Pravin Patil 90094 07529, Sanjay Kumar 7522 005 202




न्यूज़

### इंदौर नगर निगम का सहायक दरोगा रिश्वत लेते पकड़ाया

**इंदौर**,इंदौर में शुक्रवार को लोकायुक्त ने नगर निगम के सहायक दरोगा को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। वह एक कर्मचारी से वेतन के बदले रिश्वत की मांग कर रहा था। वार्ड 79 के जोन 21 में रोहित पथरोड सहायक दरोगा है। कर्मचारी यश चावरे ने लोकायुक्त को अपनी शिकायत में बताया था कि वह रेग कीपर के पद पर काम करता है। नवंबर और दिसंबर का वेतन निकालने व रेगकीपर के पद पर रहते हुए ड्रायवरी कराए जाने के बदले में वह 5 हजार रुपए की रिश्वत की मांग रहा था।

### महिला सफाईकर्मी को भिखारी समझकर उठा ले गया प्रशासन

**इंदौर**,इंदौर में प्रशासन ने इन दिनों भिखारियों के खिलाफ रेस्क्यू ऑपरेशन चला रखा है। इस दौरान अधिकारियों ने एक महिला सफाईकर्मी को भिखारी समझकर पकड़ लिया और उसे उज्जैन छोड़ आए। बात में पता चला कि वह तो नगर निगम में सफाई कर्मी है। इधर, गुरुवार को प्रशासन की टीम ने दो भिखारियों को पकड़ा। इनमें से एक आंध्र प्रदेश के कुरनूल से रेलवे के स्लीपर कोच में रिजर्वेशन कराकर यात्रा करते हुए इंदौर में भीख मांगने आया। उसके पास से 20 हजार रुपए भी मिले।

### भोपाल में युवक ने सरेराह महिला पर पेशाब फेंका

**भोपाल**,भोपाल के जहांगीराबाद बाजार में युवक ने महिला पर पेशाब फेंक दिया। महिला ने शोर मचाया तो भीड़ ने युवक की पिटाई कर दी। इसके बाद आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने केस दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी मानसिक विक्षिप्त था। घटना बुधवार की है, जबकि आरोपी को पीटते हुए वीडियो शुक्रवार को सामने आया है। टीआई आशुतोष उपाध्याय ने बताया कि 26 वर्षीय महिला जहांगीराबाद थाना क्षेत्र की रहने वाली है।

# डॉ. मनमोहन सिंह का अंतिम संस्कार कल 11.45 बजे निगम बोध घाट पर होगा

## पार्थिव शरीर 8 बजे कांग्रेस मुख्यालय लाया जाएगा, 9 बजे अंतिम यात्रा शुरू होगी

● प्रदेश स्वराज। नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने केंद्र सरकार से मांग की है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह का जहां अंतिम संस्कार हो, वहां स्मारक बनाया जाए। उन्होंने मोदी-शाह से फोन पर कहा- यही पूर्व पीएम के लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का गुरुवार रात निधन हो गया था। वे 92 साल के थे। मनमोहन लंबे समय से बीमार थे। घर पर बेहोश होने के बाद उन्हें रात 8:06 बजे दिल्ली AIIMS लाया गया था। हॉस्पिटल बुलेटिन के मुताबिक, रात 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने उनके आवास पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इधर, केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में पूर्व पीएम को श्रद्धांजलि दी गई और शोक प्रस्ताव पारित किया गया। डॉ. सिंह की अंतिम यात्रा शनिवार 28 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे दिल्ली स्थित AICC ( ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी) मुख्यालय से निगमबोध घाट के लिए रवाना होगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने दी। उन्होंने बताया- शनिवार सुबह 8 बजे डॉ. सिंह का पार्थिव शरीर उनके आवास से AICC मुख्यालय लाया जाएगा, जहां सुबह 8:30 बजे से 9:30 बजे तक लोग और कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें श्रद्धांजलि दे सकेंगे। इससे पहले शुक्रवार शाम को कांग्रेस मुख्यालय पर CWC की बैठक हुई, इसमें पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी गई।




### कांग्रेस की तरफ से पार्टी अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को लिखा पत्र

बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव अविनाश पांडे ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मनमोहन सिंह का परिवार अंतिम संस्कार और स्मारक की जगह को लेकर केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों से संपर्क में है। कांग्रेस नेताओं के अनुसार कांग्रेस वर्किंग कमेटी पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह के लिए उनके कद के अनुसार अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए उचित स्थान दिए जाने पर चर्चा हुई। कांग्रेस की तरफ से पार्टी अध्यक्ष ने इन सभी मांगों के साथ एक पत्र केंद्र सरकार के पास भेज दिया है।

## अल्लू अर्जुन और 'पुष्पा-2' टीम ने बढ़ाया मदद का हाथ

### भगदड़ पीड़ित परिवार को दिए 2 करोड़ रुपये



● प्रदेश स्वराज। हैदराबाद

'पुष्पा 2' स्टार अल्लू अर्जुन के फिल्म प्रोड्यूसर पिता अल्लू अरविंद ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने भगदड़ मामले के पीड़ित 8 साल के बच्चे को 2 करोड़ रुपये देने की बात कही है। इससे पहले फिल्म के डायरेक्टर सुकुमार और उनकी पत्नी ने पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये और मेकर्स की तरफ से 50 लाख रुपये दिए गए थे। एक्टर से लेकर फिल्म की टीम कई बार पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद कर चुकी है।

## बुरहानपुर-मंदसौर-नीमच-रतलाम में मावठे की बारिश

## गरोठ में गिरे ओले, मंदसौर मंडी में लहसुन बारिश के पानी में बही

● प्रदेश स्वराज। मंदसौर

मंदसौर जिले साहिर रतलाम व नीमच में शुक्रवार को सीजन की पहली मावठे की बारिश देखने को मिली। मावठे की बारिश ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। कृषि उपज मंडी में अपनी उपज लेकर आए किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा। अचानक से शुरू हुई तेज बारिश से किसानों की उपज पानी में बह गई, जिसे किसान समेटते नजर आए। जिले में कहीं-कहीं ओले गिरने की भी जानकारी सामने आई है। मंदसौर नीमच व रतलाम में पिछले तीन दिनों से मौसम बदला हुआ है। आसमान में बादल छाए हुए है तो वहीं दोपहर तक धुंध देखने को मिल रही है। मौसम के बदले मिजाज को लेकर मौसम वैज्ञानिकों ने क्षेत्र में मावठे की बारिश होने और ओलावृष्टि होने की चेतावनी जारी



की थी। शुक्रवार दोपहर मंदसौर शहर सहित जिले में अचानक तेज हवाओं के साथ बूंदा बांदी शुरू हो गई लोग कुछ समझ पाते इससे पहले ही तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश इतनी तेज थी कि सड़को पर पानी बह निकला। अचानक शुरू हुई मावठे की बारिश से मंदसौर कृषि उपज मंडी में उपज लेकर आए किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। मंडी परिसर में किसानों की लहसुन सहित अन्य उपज नीलामी के लिए खुले में पड़ी थी इसी दौरान तेज बारिश शुरू हो गई जिससे किसानों की लहसुन सहित अन्य उपज पानी के साथ बहने लगी जिसे किसान भीगते हुए समेटते हुए नजर आए। बारिश में अपनी उपज को भीगते और बहते देख किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें देखने को मिली।

## प्रतिबंधित मांस बेचने के लिए बुजुर्ग ने कर दी मवेशी की हत्या

### आरोपी के पास से मृत गाय बरामद




● प्रदेश स्वराज। छिंदवाड़ा

अमरवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम खामी में एक जिंदा गाय को काटने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। टीआई राजेंद्र धुर्वे ने जानकारी दी कि बुधवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि खामी नाला के पास एक व्यक्ति जिंदा गाय को काट रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से मृत गाय को भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी खामी निवासी ख्याली पिता रैदास अहिरवार (56 वर्ष) है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि वह गौमांस बेचने के लिए गाय को काट रहा था। आरोपी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। गुरुवार को उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि ख्याली के खिलाफ पहले भी इस प्रकार की शिकायतें दर्ज हुई थीं, लेकिन सबूत के अभाव में कार्रवाई नहीं हो सकी थी। बीती रात आरोपी को जिंदा गाय के साथ पकड़ा गया, जिसके बाद उसे तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि क्या वह पहले भी इस तरह की गतिविधियों में लिप्त रहा है और इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बनी हुई है, और पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से सतर्कता बढ़ा दी है।

## मैसूर-लखनऊ कुम्भ मेला विशेष ट्रेन

● प्रदेश स्वराज। लखनऊ

रेल प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुगम, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कुम्भ मेला विशेष ट्रेनें संचालित की जा रही हैं। इसी कड़ी में, गाड़ी संख्या 06216 मैसूर - लखनऊ कुम्भ मेला विशेष ट्रेन चलाई जा रही है, जो भोपाल मंडल के तलवडिया, छनेरा ,खिरकिया, हरदा, बनापुरा, इटारसी, भोपाल एवं बीना स्टेशनों पर ठहरकर गंतव्य तक जाएगी। गाड़ी संख्या 06216 मैसूर-लखनऊ कुम्भ मेला विशेष ट्रेन 29 दिसंबर 2024 को मैसूर स्टेशन से रात्रि साढ़े 12 बजे प्रस्थान कर अगले दिन सुबह 9.35 बजे तलवडिया, 10.35 बजे छनेरा ,11.20 बजे खिरकिया, 11.58 बजे हरदा, 12.30 बजे बनापुरा, 13.10 बजे इटारसी, 15.35 बजे भोपाल, 18.00 बजे बीना एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए दुसरे दिन प्रातः 04.00 बजे लखनऊ स्टेशन पहुंचेगी।



## ग्वालियर में पुलिस की नाक के नीचे से बदमाश फुर्र

● प्रदेश स्वराज। ग्वालियर

ग्वालियर में बदमाशों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। यहां आए दिन ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं जिससे लगता है कि पुलिस का भय बदमाशों में कम हो गया है। ऐसी एक घटना सामने आई है बहोड़ापुर के आनंद नगर में। यहां रात के तीन बजे एक कार से चार से पांच लोग एसबीआई की एटीएम के सामने उतरते हैं। एटीएम से रकम निकालते हैं और फिर फरार हो जाते हैं। पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि अनिल सिकरवार के मकान में एसबीआई का एटीएम लगा हुआ है। वहां पर रात तीन बजे कार से चार से पांच लोग उतरे। वे एटीएम के अंदर गए। उनके हाथ में गैस कटर था। करीब 17 मिनट



बीतने के बाद सभी एटीएम से बाहर निकले। फिर कार से चले गए। ये पूरी घटना एटीएम के सामने लगे सीसीटीवी में कैद हुई।

श्री बालाजी हॉस्पिटल
Your Health Is Our Priority
24 hr EMERGENCY SERVICE
9039790576
9871315205
संजय नगर, गुर्जर भवन के सामने, अमरावती रोड़, बुरहानपुर (म.प्र.)
E-mail: shribalajihospital11@gmail.com

## महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में आयोजित हुआ भव्य रूप से कार्यक्रम



प्रदेश स्वराज। पंकज श्रीवास्तव

**बहराइच।** महामना मालवीय मिशन के तत्वावधान में मालवीय स्मृति भवन दीन दयाल उपाध्याय मार्ग परिसर में मालवीय मेमोरियल पुस्तकालय व शोध संस्थान भूमिपूजन समारोह तथा मालवीय जयंती कार्यक्रम समारोह भव्यता, दिव्यता एवं ओजपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ।आयोजित समारोह में मालवीय मिशन से जुड़े समूचे देश के प्रतिनिधियों के अलावा भारी संख्या में शिक्षाविद, कानूनविद, समाजसेवी व राजनयिक उपस्थित रहे।महामना मालवीय मिशन द्वारा आयोजित मालवीय जयंती कार्यक्रम व भूमिपूजन समारोह के मुख्य अतिथि पीयूष गोयल जी केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री भारत सरकार ने कहा कि महामना का नाम भारत के उन महापुरुषों में अग्रणी है जिन्होंने राष्ट्र निर्माण की आधारशिला रखी। महामना ने भारतीय संस्कृति और परम्पराओं को पुनर्जीवित कर विश्व की सबसे बड़ी शैक्षणिक संस्था काशी हिन्दू विश्व विद्यालय का निर्माण किया। उनके सपनों का भारत केवल एक भौतिक दृष्टि से समृद्ध राष्ट्र नही था बल्कि यह एक ऐसा राष्ट्र था जो अपनी संस्कृति विरासत नैतिक मूल्यों और आत्मनिर्भरता पर आधारित हो।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी मालवीय जी के पदचिन्हों पर चलते हुए राष्ट्र को आगे बढ़ा रहे हैं आज का भारत मालवीय जी के सपनों को साकार करने की ओर अग्रसर है।मालवीय मिशन राष्ट्रीय अध्यक्ष ई.हरिशंकर सिंह ने कहा कि कहा कि मालवीय जी का जीवन और दर्शन भारतीय समाज के हर क्षेत्र में मार्गदर्शक रहा है जहां उन्होंने शिक्षा, संस्कृति और राष्ट्रीयता को नई दिशा दी वही उनके आर्थिक विचारों ने भारत को आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भाव को ठोस आधार प्रदान किया।महामना ने श्रमिक अधिकारो औद्योगिक विकास और स्वदेशी उद्योगों के प्रोत्साहन के माध्यम से ऐसे भारत का स्वप्न देखा जो आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से शशक्त हो।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा महामना चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन करके किया गया।कार्यक्रम का संचालन महासचिव अर्चना गुप्ता द्वारा किया गया।

# वैदिक गुरुकुल फाउंडेशन के अध्यक्ष हिरेन रावल व, उनकी 14 सदस्य महिला, पुरुष सदस्यों की टीम को अयोध्या धाम में भगवान राम लला का दर्शन कराया



दयाशंकर निगम। जिला ब्यूरो
94152 73271
दैनिक प्रदेश स्वराज

माननीय रवि करण साहू कैबिनेट मंत्री तेलघानी बोर्ड वैदिक गुरुकुल फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री हिरेन रावल जी व,उनकी 14 सदस्य महिला, पुरुष सदस्यों की टीम को अयोध्या धाम में भगवान राम लला का दर्शन कराने के उपरांत काशी विश्वनाथ जी के दर्शन के लिए जाते समय जौनपुर में बैंकर्स प्लाजा के मीटिंग हॉल में रुक कर वहां पर उपस्थित जन समुदाय से मिलकर अंतरराष्ट्रीय विश्व वैदिक गुरुकुल फाउंडेशन के उद्देश्यों पर विस्तार से चर्चा किया तथा संस्था से तन मन धन से जुट कर सनातन धर्म को आगे ले जाने का अनुरोध किया इस अवसर पर सर्वप्रथम विजयांश बैंकर, राम आसरे साहू, धीरज साहू,ऋषि देव अन्य लोगों के द्वारा लंदन से आए हुए मेहमानों का



माल्यार्पण वं पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया, लंदन से आई हुई महिला सदस्यों का बबीता साहू शकुंतला बैंकर,अमृता तिवारी, गीता मौर्य आरती कनौजिया, मोनिका साहू द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया , अरविंद कुमार बैंकर ने अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्री हिरेन रावल जी को,व,महामंडलेश्वर वृंदावन महाराज जी को स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया इस कार्यक्रम का संचालन अनिल कुमार गुप्त,योगेश साहू, संतोष साहू बच्चा एवं धीरज साहू, संतोष कुमार साहू कोषाध्यक्ष साहू कल्याण समित जौनपुर सतीश सतीश चंद्र गुप्ता द्वारा किया गया


## क्रिसमस पर्व के अवसर दिव्यांग बालिकाओं को बाटे गर्म वस्त्र



प्रदेश स्वराज। धनंजय वडसमुद्रकर जोशी

मध्य प्रदेश के अंतर्गत जिला छिंदवाड़ा में क्रिसमस पर्व के अवसर पर दिव्यांग बालिकाओं को अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन छिन्दवाड़ा द्वारा गर्म वस्त्र बांटे गए। जिस प्रकार दिव्यांग बालिकाओं में खुशी व्याप्त हो गई वे दानदाताओं का आभार व्यक्त करती रही क्रिसमस के अवसर पर कड़कडती ठंड में अतिथियों से गर्म वस्त्र पाकर बालिकाओं में हर्ष प्राप्त हुआ। इस अवसर परछिन्दवाड़ा जिला अध्यक्ष सुनीता सोमकुंवर ने बताया किअंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन छिंदवाड़ा द्वारा दिनांक 25 दिसंबर को क्रिसमस की उपलक्ष पर खजरी रोड स्थिति दिव्यांग बालिका छात्रावास में सभी दिव्यांग बालिकाओं को गर्म कपड़े,फल, बच्चों को नाचने के लिए साउंड सिस्टम का दान दिया गया। बालिकाएं कपड़े पाकर खूब प्रसन्नचित नजर आई । मानव अधिकार संगठन द्वारा आगे भी ऐसे ही कार्यक्रम चलाने की योजना है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह जिला अध्यक्ष सुनीता सोम कुवर, उपाध्यक्ष हरजीन्द्रर सिंह बग्गा, जिला प्रचारक मंत्री आराधना पाटिल, दिव्यांग छात्रावास का स्टाफ एवं सभी गनमैन नागरिक उपस्थित थे।

## पूरे प्रदेश में आज बारिश का अलर्ट



प्रदेश स्वराज। संजय कुमार

पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजधानी में शनिवार को गरज-चमक के साथ बारिश होने के आसार हैं। बारिश और बादलों की मौजूदगी की वजह से तात्कालिक तौर पर दिन के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट देखने को मिलेगी। वहीं, शुक्रवार की बात करें तो दिन में धूप खिली रही और सुबह शाम के ठंड में कमी आई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक के मुताबिक बूंदाबांदी और हवाओं की वजह से दिन के अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट आएगी। वहीं, रात के पारे में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की उछाल देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार को बारिश गुजर जाने के बाद अगले 48 घंटों में तापमान की बदली हुई स्थितियां पलटकर पहले जैसी हो जाएंगी। शुक्रवार को दिन का अधिकतम तापमान 0.3 डिग्री की मामूली बढ़त के साथ 26.5 डिग्री और रात का न्यूनतम तापमान 0.1 डिग्री की गिरावट के साथ 12.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## जनपद के गायत्री चेतना केन्द्र डिगीहा में आयोजित हुआ कार्यक्रम



प्रदेश स्वराज। पंकज श्रीवास्तव

**बहराइच।** महामना मालवीय मिशन बहराइच अवध क्षेत्र के तत्वावधान ने गायत्री चेतना केंद्र डिगीहा परिसर में महामना मालवीय जयंती समारोह भव्यता एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजित समारोह में संगठन पदाधिकारियों के अलावा अधिवक्ता , समाजसेवी , शिक्षक , व्यवसायी एवं सनातनधर्मी उपस्थित रहे। मालवीय मिशन की ओर से आयोजित जयंती समारोह को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने महामना को आधुनिक भारत का निर्माता बताया और महामना द्वारा निर्मित काशी हिन्दू विश्विद्यालय को विश्व का कालजयी शैक्षणिक संस्थान बताया।जिलाध्यक्ष डॉ.अशोक पाण्डेय गुलशन ने महामना को उत्कृष्ट कानूनविद , विधिवेत्ता एवं शिक्षाविद बताते हुए उपस्थित लोगों से महामना के पदचिन्हों पर चलकर भारत के नवनिर्माण में अपना प्रभावी योगदान देने की बात कही। संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने महामना को विश्व का महानतम व्यक्तित्व बताते हुए राष्ट्रीय नवनिर्माण में उनके किए गए कार्यों को रेखांकित किया और महामना को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनके बताए गए पदचिन्हों पर चलने का आवाहन किया।आयोजित कार्यक्रम का संचालन मिशन महामंत्री मनीष गौड़ ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन शिक्षाविद पुण्डरीक पाण्डेय ने किया।अध्यक्षता संघ विचारक अर्जुन कुमार दिलीप जी ने किया ।आयोजित परिचर्चा में प्रमुख रूप से गायत्री परिजन पंडित जगदीश मिश्र ,डॉ. पंकज श्रीवास्तव , गांधी विचार प्रवाहक रमेश मिश्र , मालवीय स्मृति भवन कार्यकर्ता मनीष सिंह , आदि लोग शामिल रहे।

## तामिया एडवेंचर की मचेगी धूम, कॉर्निवाल को

### लोक नृत्य और मिकी-माउस आमंत्रित करेंगे पर्यटकों को

प्रदेश स्वराज। धनंजय वडसमुद्रकर जोशी

**छिंदवाड़ा।** जिला प्रशासन व मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त प्रयासों से आयोजित हो रहे तामिया एडवेंचर का रोमांचकारी आगाज शुक्रवार से होने जा रहा है। एडवेंचर फेस्टिवल के शुभारंभ की पूर्व संध्या पर शुक्रवार को तामिया में कॉर्निवाल का आयोजन किया जा रहा है, इसमें कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व सीईओ श्री अग्रिम कुमार भी भाग लेंगे। कॉर्निवाल में तामिया-अमरवाड़ा और जुन्नारदेव के स्थानीय गणमान्य जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को भी आमंत्रित किया गया है। कॉर्निवाल का शुभारंभ दोपहर 2 बजे हॉस्टल ग्राउंड से होगा, जो रैली के रूप में तामिया के मुख्य मार्गों से गुजरेगा। कॉर्निवाल में मिकी माउस, लोक नृत्य दल और स्थानीय कलाकार भी रहेंगे, जो तामिया के लोगों को फेस्टिवल में शामिल होने का आमंत्रण देंगे। जगह-जगह स्वागत के बाद कॉर्निवाल पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस पहुँचेगा। इस कॉर्निवाल को लेकर तामिया में उत्साह बना हुआ है। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अग्रिम कुमार के



कुशल मार्गदर्शन में हो रहे तमिया एडवेंचर फेस्ट 2024 का आयोजन 28 दिसबंर 24 से 02 जनवरी 25 तक किया जाएगा। यह फेस्टिवल बेस केम्प रातेड़ में होगा। यहां पर पैरामोटर, हॉट एयर बेलून, पैरासेलिंग, जिप लाईन, एटीवी बाइक, रॉक क्लाईविंग, बर्मा ब्रिज, स्टार गेंजिग, रोप आपेस्टिकल, कमांडोनेट, रायफल सूटिंग, बंजी इंजेक्शन, बंजी पेड, बुल राईड जैसी साहसिक गतिविधियां संचालित की जाएगीं। पर्यटकों के लिए तामिया फेस्टिवल में पैरामोटर को शामिल किया गया है। जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व, पर्यटन व संस्कृति परिषद और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के संयुक्त प्रयासों से आयोजित तामिया फेस्टिवल का आयोजन छिंदवाड़ा में पर्यटन को बढ़ावा देना है और छिंदवाड़ा के पर्यटन स्थलों को प्रदेश व देश के सामने लाना है ताकि अधिक से अधिक पर्यटक आएं और इसका लाभ जिले को मिल सके।

### 6 दिवसीय जल महोत्सव कार्यक्रम का हुआ समापन

# माचागोरा में साल भर जेटस्की, बनाना बोट का आनंद उठा सकेंगे पर्यटक



धनंजय वडसमुद्रकर जोशी
98936 38900
दैनिक प्रदेश स्वराज

**छिंदवाड़ा ।** जिला सांसद विवेक बंटी साहू एवं जिला कलेक्टर शैलेंद्र सिंह के अथत प्रयासों के बाद माचा गोरा डैम में एक अद्भुत कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके चलते जिले की जनता माचा गोरा डैम में उमर पड़ी। 2016 में बना यह डेम एक दार्शनिक स्थान बनने से वंचित था। किसी भी नेता या प्रशासन ने इसकी ओर ध्यान नहीं दिया था लेकिन वर्तमान कलेक्टर शैलेंद्र सिंह और सांसद विवेक बंटी साहू की नजर जब इस पर पड़ी तो उन्होंने इसे एक पर्यटन स्थल बनाने का निर्णय लिया। जिसमें मुख्यमंत्री डॉ मनमोहन यादव ने भी पूरा सहयोग दिया जिसके चलते हजारों लोगों के लिए यह एक मनोरंजन और पर्यटन स्थल बन सका । जहां 6 दिन में लगभग डेढ़ लाख लोगों ने इस स्थान का आनंद उठाया और आगे भी उठा रहे हैं । 25 दिसंबर को लगभग 50000 की भीड़ यहां पर एकत्रित हो गई थी जिनका नियंत्रण करना भी मुश्किल हो गया था लेकिन पुलिस प्रशासन और प्रशासन की व्यवस्था से लोगों ने डेम के जलविहार का पूरा आनंद उठाया जिला प्रशासन व मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के सयुंक्त शुरू हुए जल महोत्सव में पर्यटकों के आने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को जल महोत्सव में हजारों पर्यटकों ने शामिल होकर वॉटर व एयर एक्टिविटी का लुफ़्त उठाया। जल महोत्सव के बीच छिंदवाड़ा और आस-पास के जिलों के लिए अच्छी खबर यह है कि जल महोत्सव निरंतर चलता रहेगा व माचागोरा बोट क्लब पर जेटस्की, बनाना बोट सहित अन्य गतिविधियां साल भर जारी रहेंगी। साथ ही नए वर्ष के अवसर पर यहां टेंट सिटी भी लगी हुई है, जिसमें नाइट स्टे किया जा सकता है। पर्यटकों के लिए यहाँ मनोरंजन और देसी भोजन का विशेष इंतजाम हमेशा रहेंगे। बुधवार को जिले के हजारों पर्यटकों ने माचागोरा जल क्षेत्र में पहुंच कर न सिर्फ वॉटर एक्टिविटी में भाग लिया बल्कि यहां बिक रहे पकवानों का स्वाद लिया और बच्चों ने खिलौने खरीदे। कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह व सीईओ श्री अग्रिम कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पहली बार आयोजित हुए जल महोत्सव को छिंदवाड़ा सहित आस-पास के जिलों से भी जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के नोडल अधिकारी बलराम राजपूत ने बताया कि जल महोत्सव की अवधि बढ़ा दी गई है, पर्यटक यहां मेले का आनंद जनवरी माह के प्रथम पखवाड़े तक उठा सकते हैं, इसके साथ सभी पर्यटकों को जानकारी दी गई कि माचागोरा बोट क्लब पूरी तरह स्थाई है ।और मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने यहां बोटिंग सहित अन्य साहसिक गतिविधियों की अनुमति दी है। माचागोरा बोट क्लब में बनाना बोट, पैडल वोट, मोटर बोट, जेटस्की जैसी सारी एक्टिविटी वर्ष भर जारी रहेगी। पर्यटक प्रबंधक गिरीश लालवानी ने बताया कि पर्यटकों के नाइट स्टे की उचित व्यवस्था के लिए जल क्षेत्र में टेंट सिटी लगाई गई है, साथ ही नव वर्ष पर यहां मेले के साथ पर्यटकों के मनोरंजन, भोजन की व्यवस्था की गई है। नव वर्ष का पैकेज पर्यटकों के लिए बहुत ही किफायती दामों में उपलब्ध है।



**विद्यार्थियों के नृत्य ने बंधा समां** जल महोत्सव में प्रतिदिन शाम चौरई, अमरवाड़ा सहित आस-पास के स्कूलों से आए विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। एक से बढ़कर एक नृत्य और गायन की प्रस्तुतियां देते हुए विद्यार्थियों ने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मौजूद कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह, सीईओ श्री अग्रिम कुमार, चौरई एसडीओपी श्री सौरभ तिवारी, एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा, सीईओ श्री तरुण राहंगडाले ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया। एसडीओपी ने गाया गीत, जनता ने बजाई तालियांसांस्कृतिक कार्यक्रम में उस वक्त माहौल रोमांचक हो गया जब चौरई एसडीओपी श्री सौरभ तिवारी ने मंच पर पहुँचकर गीत गाया। मधुर आवाज़ में गीत प्रस्तुत कर रहे श्री तिवारी का उत्साह जनता और कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने किया। वर्ष भर चलने वाले यहां पर कार्यक्रमों से जिला छिंदवाड़ा की ही जनता को लाभ नहीं होगा बल्कि शिवानी बैतूल और आसपास के क्षेत्र के लोग भी यहां आएंगे जिससे आर्थिक लाभ आसपास के ग्रामीणों को भी मिलेगा इसे एक स्थाई पर्यटन स्थल अगर बना दिया जाता है तो यह छिंदवाड़ा के आर्थिक स्रोत के साथ-साथ अवकाश के क्षणों में जिले की जनता को भी इसका सीधा-सीधा लाभ मिलेगा जिले में काफी सालों बाद इस तरह का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है जिसके लिए जनता जिले के सांसद विवेक बंटी साहू एवं जिला के कलेक्टर सैलरी की पूरी-पूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

## सफलता की कहानी

### मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन, आज श्रद्धांजलि सभा का आयोजन



● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

देश को आर्थिक प्रगति के मार्ग पर प्रशस्त करने वाले और अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश के आम नागरिकों के हित में क्रांतिकारी निर्णय लेने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महान अर्थशास्त्री स्वर्गीय डॉक्टर मनमोहन सिंह जी के निधन से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। बुरहानपुर कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी वक्तव्य में जिला अध्यक्ष रिंकू टाक ने शोक प्रकट कर कहां कि देश के प्रति किए गए उनके योगदान के लिए राष्ट्र सदा आभारी रहेगा। मनमोहन सिंह जी के जाने से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि राष्ट्र और देश के नागरिकों की भी क्षति हुई है और विश्व ने एक महान अर्थशास्त्री को आज खो दिया। ऐसे राष्ट्र नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बुरहानपुर कांग्रेस कमेटी की ओर से कल २८दिसंबर शाम 4:00 बजे स्थानीय राजस्थान भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस के समस्त नेताओं कार्यकर्ताओं से इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

### जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 वी में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 18 जनवरी को

● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

जवाहर नवोदय विद्यालय लोनी जिला बुरहानपुर में सत्र 2025-26 के अंतर्गत कक्षा 6 वी में प्रवेश हेतु 18 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाली चयन परीक्षा के लिये नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट के माध्यम से प्रवेश पत्र डाउनलोड होना प्रारंभ हो चुके है। प्राचार्य ने जानकारी देते हुए बताया कि, अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण क्रमांक, जन्मतिथि, एवं केप्चा कोड की प्रविष्टि कर प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते है। प्रवेश पत्र हेतु लिंक - https://cbseitms.rcil.gov.in/nvs/AdminCard/Admincard पर जाकर डाउनलोड किय जा सकता है।

# आयुष्मान कॉर्ड बनाने में प्रगति आवश्यक - मृतक व पलायन नागरिकों की सूची जल्द अपडेट कर प्रस्तुत करे –कलेक्टर भव्या मित्तल



डॉ.प्रविण पाटिल - सह-संपादक
● 9009407529
प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

बुरहानपुर :— आज बुरहानपुर जिला कलेक्टर में दंडाधिकारी भव्या मित्तल ने इंदिरा कॉलोनी स्थित स्व परमानंद गोविंदजीवाला ऑडिटोरियम में आयुष्मान के प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक लीनगरीय निकाय एवं ग्रामीण के सभी सी डी पी ओ, सी डी एम ,सुपर वाइजर,बी एल ओ,आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ,आशा कार्यकर्ता निगम के अधिकारी कर्मचारीयो को निर्देशित किया गया है कि शेष बचे आयुष्मान 70 प्लस कर्मकार मंडल के कार्ड जल्द से जल्द बनाए और प्रगति लाए कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा कि जिसमे उन्होंने मुख्य रूप नगरीय निकायों में निवासरत 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाने के संबंध में विशेष जोर देते हुए निकायस्तर पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने नगर निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव से कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयू वर्ग के जो नागरिक पलायन कर गये है उनकी पुर्ण जानकारी ले कर टारगेट को अनिवार्य रूप से पुरा करें । वहीं पलायन व मृतक व्यक्तियों की सूची अपडेट कर जानकारी प्रस्तूत करने के निर्देश दिए तथा 70 वर्ष की आयू पूर्ण कर पलायन कर गये है वे किस कारण से पलायन कर गये है। उनके मोबाईल नम्बर और उनका पता क्या है, सर्वे कर पूर्ण जानकारी लेने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने निगम आयुक्त से कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य में तेजी लाना अत्यंत आवश्यक है। 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करे।समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ताओं को सख़्त निर्देश देते हुए कहा कि आपके द्वारा कार्य नहीं किया जा रहा है और आप सभी पूरी निष्ठा वही ईमानदारी से कार्यों को संपन्न करे आपकी नगरी निकाय की आयुष्मान कार्ड की आईडी भी एक्टिवेट कर दी गई हैबैठक निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, उपायुक्त वित्त शैलेश गुप्ता, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया ,सी डी पी ओ सोलंकी, सी डी एम संजू बरड़े ,कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी,स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी नगरीय निकाय के ए आर आई कंप्यूटर ऑपरेटर आदि उपस्थित रहे।

# चायना डोर, मांझा के क्रय/विक्रय एवम् उपयोग पर रोकथाम हेतु बुरहानपुर पुलिस द्वारा चलाया गया चेकिंग अभियान।





● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर श्री देवेंद्र पाटीदार महोदय द्वारा संपूर्ण जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ - साथ मानव/पशु/पक्षियों के जीवन की सुरक्षा बनाए रखने तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम, जन सामान्य के हित जान - माल की रक्षा हेतु क्षेत्र में चायना डोर के क्रयता व विक्रेताओं के विरूद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया दिनांक 27.12.2024 को जिला बुरहानपुर में थाना प्रभारी एवं स्टाफ द्वारा थाना क्षेत्र में संचालित होने वाली पतंग मांझा दुकानों को चेक किया गया एवं दुकानदारों को हिदायत दी कि चाइनीस मांझा क्रय एवं विक्रय करने पर प्रतिबंध लगा हुआ है एवं स्टाफ द्वारा मोहल्ले में जाकर पतंग उड़ाने वाले बच्चों को चाइनीस मांझा उपयोग न करने की समझाइए भी दी जा रही है ।

# गुरु गोबिंद सिंह कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज एंड रिसर्च सेंटर बुरहानपुर द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह जी के निधन पर दी श्रद्धॉजली

**बुरहानपुर।** पूर्व प्रधानमंत्री , विश्व विख्यात अर्थशास्त्री डॉ. मनमोहन सिंह जी के निधन पर गुरु गोबिंदसिंह कालेज ऑफ डेटल साइंस एवं रिसर्च सेन्टरमेंछात्र/छात्राओ एवं टिचिंग, नानटिचिंग स्टाफ की शोकसभा हुई। जिसमे उपेंद्र सिंह कीरजी,गुरशरनसिंह कीर ,जसलीन कीरजी ने कालेज परिवार की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की। ईश्वर से पार्थना की कि ईश्वर मृतात्मा को शांतिप्रदान करे एवं परिवारजनो को इस असीम दुरूख को सहन करने की शक्ति देवे । अंत में दो मिनिट् का मौन रखकर श्रद्धांजलिअर्पित की गई। तत्पश्चात अवकाश घोषित किया गया। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ.मनमोहन सिंह जी का निधन अपूर्णीय क्षति.रिंकू टांक देश को आर्थिक प्रगति के मार्ग पर प्रशस्त करने वाले और अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल में देश के आम नागरिकों के हित में क्रांतिकारी निर्णय लेने वाले देश के पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता महान अर्थशास्त्री स्व.डॉ.मनमोहन सिंह जी के निधन से देश को अपूर्णीय क्षति हुई है। बुरहानपुर कांग्रेस कमेटी की ओर से जारी वक्तव्य में जिला अध्यक्ष रिंकू टाक ने शोक प्रकट कर कहां कि देश के प्रति किए गए उनके योगदान के लिए राष्ट्र सदा आभारी रहेगा। मनमोहन सिंह जी के जाने से न सिर्फ कांग्रेस बल्कि राष्ट्र और देश के नागरिकों की भी क्षति हुई है और विश्व ने एक महान अर्थशास्त्री को आज खो दिया। ऐसे राष्ट्र नायक को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए बुरहानपुर कांग्रेस कमेटी की ओर से कल 28दिसंबर शाम 4.00 बजे स्थानीय राजस्थान भवन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से कांग्रेस के समस्त नेताओं कार्यकर्ताओं से इस श्रद्धांजलि सभा में शामिल होने का आह्वान किया गया है।

## बुरहानपुर में हुई तेज बारिश, नेपानगर में पेड़ गिरा

● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर



बुरहानपुर में शुक्रवार शाम 6 बजे मौसम का मिजाज अचानक बदला और नेपानगर में करीब 10 मिनट तक तेज मावठे की बारिश हुई। इस दौरान तेज हवाएं भी चली। वहीं, कुछ देर के लिए बिजली भी गुल हो गई। बता दें कि मौसम का मिजाज शुक्रवार सुबह से ही बदला रहा। वहीं, शुक्रवार शाम 6 बजे बारिश के आसार नजर आने लगे और तेज बारिश होने लगी। सुबह ठंड का अहसास नहीं था। मौसम विभाग ने 27 और 28 दिसंबर को बारिश, आंधी का अलर्ट जारी किया था। वेस्टर्न डिस्टरबेंस यानी पश्चिमी विक्षोप और साइक्लानिक सर्कुलेशन सिस्टम एक्टिव होन से यह बारिश हो रही है। इससे टेम्प्रेचर पर काफी असर पड़ा है।


## परीक्षा के डर से बचने के छात्र-छात्राओं को दिए टिप्स

● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

विद्यार्थियों को परीक्षा के डर से बचाने के लिए शुक्रवार को नेपानगर क्षेत्र के हैदरपुर गांव में सरकारी प्राथमिक स्कूल में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें बुरहानपुर जिला अस्पताल की मन कक्ष विभाग की टीम ने विद्यार्थियों को टिप्स दिए। मन कक्ष विभाग के प्रभारी और नोडल अधिकारी डॉ. देवेंद्र झड़ानिया ने विद्यार्थियों को मानसिक स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। सीनियर नर्सिंग ऑफिसर सीमा डेविड ने परीक्षा के डर पर काबू पाने के तरीके बताए। उन्होंने बताया कि परीक्षा का डर तैयारी की कमी, गैरजरूरी दबाव, घबराहट और पिछले खराब अनुभव से होता है। परीक्षा के डर पर काबू पाने के लिए अच्छे से तैयारी करें, आराम करें और तनाव को मैनेज करें। इसके लिए पूरी नींद लें और नेगेटिव विचारों को दिमाग में न आने दें। परीक्षा के पॉजिटिव पहलुओं पर पर गौर करें और ध्यान हटाने वाली चीजों जैसे, टीवी, मोबाइल, फोन से दूरी बनाएं।




## नकली नोट के मामले में आरोपी पिता और उसके तीन पुत्रों को तीन.तीन साल की सजा



**बुरहानपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश सूर्यप्रकश शर्मा कीअदालत ने नकली नोट अपने पास रखने वाले आरोपी पिता और उसके तीन पुत्रों को तीन.तीन सालके कारावास एवं 15 15 सो रुपए के अंत दंड से दंडित किया है अतिरिक्त लोग अभियोजक शांतारामवानखेड़े ने बताया कि पुलिस थाना लालबाग क्षेत्र अंतर्गत दिनांक 22 जनवरी 2021 को पुलिस को सूचना मिली थी जिस पर राकेश चैधरी उप निरीक्षक द्वारा मौके पर कार्रवाई करते आरोपी सईद पिता मोहमद हाशम निवासी सिंधीपुरा ओर खालिद पिता मोहमद हाशम के कब्जे से 100,100 रूपये क्रमशरू 10 एवं 11नोट कुल 1100 रूपए जप्त किए जो नकली थे विवेचना में पुलिस ने आरोपियों की बताई गई सूचना पर कार्रवाई करते हुए उनके पिता मोहमद हाशम निवासी सिंधीपुरा के पास से लाना बताया । अन्य आरोपी भाई ज़ुबैर पिता मोहमद हाशम के पास भी और नकली नोट होना बताया, पुलिस ने इन दोनों के पास से अलग अलग हाशम से 12 और ज़ुबैर के पास से 13 नोट जप्त किए । अदालत ने फैसला सुनाते हुए आरोपी गण को 3,3साल के कारावास और 1500 1500 रुपया के जुर्माना की सजा सुनाई ।

## राशिफल

पं. भूपेन्द्र चन्द्रकांत व्यवहारे (सोनू महाराजजी)



**मेष | Aries**
मेष राशि से आज सप्तम भाव में चंद्रमा का गोचर शुभ रहेगा। आप जोश और उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपको आज साझेदारी के काम में लाभ मिलेगा। कुछ नए संपर्क भी आज बनने वाले हैं। आपको आज आज ससुराल पक्ष से भी लाभ मिलने का योग है।

**वृष | Taurus**
वृषभ राशि में आज गुरु की स्थिति में बदलाव हो रहा है ऐसे में आज छात्रों का मन विचलित हो सकता है। शिक्षा पर ध्यान देना होगा। अगर आप आज स्थान परिवर्तन के बारे में सोच रहे हैं तो आज आपकी योजना सफल हो सकती है।

**मिथुन | Gemini**
मिथुन राशि से आज पंचम भाव में हो रहा है चंद्रमा का गोचर इनको संतान की ओर से खुशी देगी। यदि आप रोजगार बदलने के प्रयास में लगे हैं तो आज सफलता मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को आज दफ्तर में समय पर काम पूरा होने पर अधिकारी वर्ग से प्रोत्साहन मिल सकता है।

**कर्क | Cancer**
कर्क राशि के लोगों को लिए आज का दिन उत्साहवर्धक रहेगा। राशि से चतुर्थ चंद्रमा होने से आप आज भौतिक सुख साधनों का आनंद लेंगे। लव लाइफ भी आज आपकी रोमांटिक रहेगी। आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**सिंह | Leo**
सिंह राशि के लिए आज सितारे बताते हैं कि, आज व्यापार में नए लाभदायक सौदे होंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में कड़ी मेहनत की जरूरत है,क्योंकि मानसिक भटकाव हो सकता है।

**कन्या | Virgo**
कन्या राशि से दूसरे भाव में चंद्रमा का गोचर आज हो रहा है। ऐसे में आज आपकी नेतृत्व क्षमता का विकास होगा और आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। आज आप कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त करेंगे।

**तुला | Libra**
तुला राशि के सितारे बताते हैं कि आज आप चाहें तो किसी नए काम को शुरू कर सकते हैं, भविष्य मे आपको इसका लाभ मिलेगा। विद्यार्थियों का आज आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज आपको अपने पिता के मार्गदर्शन में किए गए कार्यों में सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक | Scorpio**
वृश्चिक राशि के लिए आज गुरुवार का दिन सफलतादायक रहेगा। जो लोग राजनीति से जुड़े हैं उन्हें आज कोई बड़ा लाभ मिल सकता है। नौकरी में भी आज आपका प्रभाव बढेगा। आज आप परिवार के छोटे बच्चों के साथ मनोरंजक पल बिताएगे।

**धनु | Sagittarius**
धनु राशि के लिए आज का दिन आर्थिक मामलों में लाभदायक रहेगा। आप आज लंबे समय के लिए निवेश कर सकते हैं। जो लोग घर अथवा प्रॉपर्टी में निवेश करना चाह रहे है उनके लिए भी आज का दिन लाभदायक रहेगा। नौकरी की तलाश में जुटे जातकों को कामयाबी मिल सकती है।

**मकर | Capricorn**
मकर राशि के सितारे बताते हैं कि आज आपको कानूनी मामलों मे सफलता मिलेगी। यदि आपने साझेदारी में कोई व्यापार किया है तो वह व्यापार आज आपको खूब लाभ मिलेगा। साझेदारों से आपका रिश्ता भी आज अनुकूल और सहयोगात्मक रहेगा।

**कुंभ | Aquarius**
कुंभ राशि के सितारे बताते हैं कि आज आपको व्यापार के सिलसिले में अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको आज बिजनेस में अच्छी कमाई होगी। किसी पूर्व परिचित अथवा मित्र से आप आज सहयोग पाएंगे। आज स्वास्थ्य में आप नरमी महसूस कर सकते हैं।

**मीन | Pisces**
मीन राशि के आज अष्टम भाव में चंद्रमा का होगा आपको मानसिक और शारीरिक कष्ट दे सकता है। वैसे आपके सितारे बताते हैं कि, पिता के आशीर्वाद और मार्गदर्शन से आज आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें सफलता जरूर मिलेगी।

जाहिर सूचना
अब प्रदेश स्वराज अख़बार में जाहिर सूचना दीजिए मात्र
₹ 400 में
स्टैंडर्ड साइज 1 कॉलम 10 सेमी.
संपर्क करें - 90094-07529
आप हमे ई-मेल भी कर सकते हैं
E-mail: pradeshswaraj25@gmail.com

दैनिक प्रदेश स्वराज
को समाचार संवाददाता नियुक्त करना है ! पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने के इच्छूक व्यक्ति संपर्क करें
सह-संपादक- डॉ. प्रविण पाटील
90094 07529

प्रदेश स्वराज परिवार
दिनेश शिवहरे *
(प्रधान संपादक)
डॉ. प्रविण पाटील
सह-संपादक, जिला-बुरहानपुर (म.प्र.)
संजय कुमार
स्थानीय संपादक,(उत्तर-प्रदेश)
नितेश चंद श्रीवास्तव
स्टेटहेड, (उत्तर-प्रदेश)
दयाशंकर निगम
(ब्यूरोचीफ, जौनपुर)
सुप्रिया श्रीवास्तव
महानगर संवाददाता, (गोरखपुर)
संजना वर्मा
जिला संवाददाता (वाराणसी,उत्तर-प्रदेश)
पंकज श्रीवास्तव
जिला संवाददाता, (बहराइच,उत्तर-प्रदेश)
वंदना गोवस्वामी
(नगर संवाददाता, बहराइच)
डॉ. मनोज कुमार गोरे
संवाददाता, नेपानगर,(जिला बुरहानपुर)
इरफान कुरैशी
संवाददाता, देडतलाई,(जिला बुरहानपुर)
रमेश इंगले
संवाददाता, खकनार,(जिला बुरहानपुर)
अनिल इंगले
संवाददाता, सिरपुर, (जिला बुरहानपुर)
सुदामा माली
संवाददाता, दाहीन्दा,(जिला बुरहानपुर)
संदीपसिंह गेहलोत
संवाददाता, इच्छापुर,(जिला बुरहानपुर)
जितेन्द्र रघुवंशी
ब्यूरोचीफ, (जिला-शिवपुरी )
भूपेन्द्र व्यवहारे
ज्योतिषाचार्य, (जिला-बुरहानपुर )
संपादकीय कार्यालय
कमल प्लाजा कॉम्पलेक्स, अमरावती रोड, जिला बुरहानपुर (म.प्र.)

प्रदेश स्वराज CLASSIFIED
मोबाईल पर बुक करें - 90094-07529




Men's Wear
SHIVHARE Collection
Shirt T-Shirt Jeans Trouser Lower
Kamal Plaza, Near Ankita Multiplex
Burhanpur Pincode 450-331 (M.P.)



आवश्यकता है
दैनिक प्रदेश स्वराज
दैनिक प्रदेश स्वराज को उत्तर-प्रदेश, मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यूरोचीफ, रिपोर्टर और विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है। इच्छूक एवं अनुभवी व्यक्ति संपर्क करें
डॉ. मनोज कुमार गोरे Call : 94240 26198

## समृद्धि योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण का समापन



**प्रदेश स्वराज@बुरहानपुर,** जन अभियान परिषद् जिला बुरहानपुर द्वारा आयोजित समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विकासखण्ड बुरहानपुर व खकनार में चयनित स्वयं सेवी संस्थाओ के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। जिला समन्वयक डॉ.सुप्रिति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि, आवासीय प्रशिक्षण में उद्यानिकी विभाग उप संचालक राजू बड़वाया ने सामूहिक कार्य एवं नर्सरी विषय पर प्रशिक्षण दिया। वहीं जिला समन्वयक हेमंत धार्मिक ने सामाजिक अंकेक्षण विषय की जानकारी दी। इस दौरान नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र दिये गये। प्रशिक्षण में विकासखण्ड समन्वयक खकनार अमजद खान उपस्थित रहे।

## केले के रेशे से बनी टोपी अब साउथ अफ्रीका में भायी इतनी कि, 10 टोपी का आर्डर दिया




**प्रदेश स्वराज@बुरहानपुर,** केले का पौधा समृद्धि का प्रतीक है पूजा-पाठ में भी इस पौधें की अहम भूमिका है। यह बुरहानपुर जिले के विकास और खुशहाली की पहचान है। किसानों के साथ-साथ महिलाओं के जीवन में भी यह केले की फसल बदलाव ला रही है। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए सरकार की महत्वपूर्ण योजना एक जिला-एक उत्पाद लायी गई है। इसी के तहत बुरहानपुर जिले की मुख्य फसल केला को चयनित किया गया है। मध्यप्रदेश राज्य सरकार, महिला सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध है। महिलाओं को आर्थिक मजबूती एवं संबल देने के लिए अनेकों योजनायें धरातल पर अवतरित की गई है। आजीविका मिशन महिलाओं को आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। छोटे-छोटे समूह के माध्यम से महिलायें अपने कौशल में निखार ला पा रही है। वेस्ट से बेस्ट नवाचारों की कोशिशों में जिला प्रशासन ने ''वेस्ट से बेस्ट'' बनाने का फार्मूला अपनाया। लेख है कि केला फसल का जिले में बम्पर उत्पादन होता है। केले के पौधें से फल निकालने के बाद बचे अवशेष को फेंकने की बजाय इसका बखूबी इस्तेमाल तरह-तरह के उत्पाद बनाने के लिए किया जा रहा है। इन उत्पादों को तैयार करने में जिले की समूह की महिलाओं की अग्रणी भूमिका है। प्रशासन द्वारा विषय-विशेषज्ञों के अलावा अन्य राज्यों में भ्रमण कराकर एवं प्रशिक्षण से महिलाओं को केले के तने से रेशे निकालकर उत्पाद बनाने के तौर-तरीके बताये गये। इन तरीकों को अपनाकर महिलायें झूमर, टोकरी, टोपी, तोरण, पेन स्टैण्ड, फाइल फोल्डर, झाडू, चटाई, सजावटी सामान, की-रिंग, राखियाँ, पर्स, घड़िया इत्यादि उत्पाद बना रही है। 46,646 महिलायें जुड़ी है समूह से आजीविका मिशन महिलाओं के जीवन में एक रोशनी की किरण है, जिसने उन्हें घर से बाहर निकलने की प्रेरणा दी है। अपने घरेलू दायित्वों के साथ-साथ महिलायें अब अपने परिवार के खर्चे में सहयोग दे पा रही है। यह कहना अतिश्योक्तिपूर्ण नहीं होगा कि, जिले में महिला समूह आत्मनिर्भरता की ओर अपने कदम बढ़ा रही है। बुरहानपुर जिले में स्व सहायता समूह के 8 संकुल, 4,447 समूह एवं 46,646 महिलायें समूह से जुड़ी है। मध्यप्रदेश डे-राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की परियोजना प्रबंधक श्रीमती संतमति खलखो ने बताया कि, जिले में केले फाईबर से तैयार किये जा रहे उत्पादों की मांग बढ़ने लगी है। यह उत्पाद आजीविका मेले में भी विक्रय किये जाते है। परियोजना प्रबंधक श्रीमती खलखो ने जानकारी दी कि, अनुसुईया दीदी को आईआईटी इंदौर द्वारा 5 किलो केले के रेशे का आर्डर दिया गया था। जिसकी आपूर्ति के लिए समूह की दीदी इंदौर गई थी। वे अपने साथ केले के रेशे से बनी टोपी भी लेकर गई थी। इस दौरान आईआईटी इंदौर में प्रोजेक्ट के लिए आये साउथ अफ्रीका के व्यक्ति को यह टोपी बहुत पसंद आई और उन्होंने 10 टोपी का आर्डर भी दिया है।

## फसल बीमा अवश्य करवाये-अंतिम तिथि 31 दिसम्बर

**प्रदेश स्वराज @बुरहानपुर,** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग उपसंचालक श्री एम.एस.देवके ने जानकारी देते हुए बताया कि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत फसल बीमा करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर, 2024 निर्धारित है। कृषकगण पटवारी हल्का स्तर पर अधिसूचित गेहूँ फसल की प्रिमियम राशि 276/-रूपए प्रति एकड़ एवं चना फसल की प्रिमियम राशि 198/- रूपए प्रति एकड़ पर आवेदन सह-घोषणा पत्र के साथ संबंधित बैंक या सीएससी सेंटर पर जमा कर अपनी फसलों का बीमा करवा सकते है। कोई भी किसान चाहे वह ऋणी हो या अऋणी तथा डिफाल्टर किसान भी आवश्यक दस्तावेज जैसे भू-अधिकार पुस्तिका, बुआई प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बटाई पर खेती करने की स्थिति में करारनामा देकर भी फसल बीमा करवा सकते है।

## समृद्धि योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण का समापन

**प्रदेश स्वराज @बुरहानपुर,** जन अभियान परिषद् जिला बुरहानपुर द्वारा आयोजित समृद्धि योजना अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं का दो दिवसीय अवासीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में विकासखण्ड बुरहानपुर व खकनार में चयनित स्वयं सेवी संस्थाओ के सदस्यों द्वारा सहभागिता की गई। जिला समन्वयक डॉ.सुप्रिति यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि, आवासीय प्रशिक्षण में उद्यानिकी विभाग उप संचालक राजू बड़वाया ने सामूहिक कार्य एवं नर्सरी विषय पर प्रशिक्षण दिया। वहीं जिला समन्वयक हेमंत धार्मिक ने सामाजिक अंकेक्षण विषय की जानकारी दी। इस दौरान नवांकुर संस्था के प्रतिनिधियों को प्रमाण-पत्र दिये गये। प्रशिक्षण में विकासखण्ड समन्वयक खकनार अमजद खान उपस्थित रहे।




# देश और धर्म की रक्षा के लिए वीर बालकों ने दिया था बलिदान-अर्चना चिटनिस



डॉ.प्रविण पाटिल - सह-संपादक
9009407529
प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर





**बुरहानपुर।** बुरहानपुर। वीर बाल दिवस के अवसर पर बुरहानपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) सहित जनप्रतिनिधियों, पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने वीर बालकों बाबा जोरावर सिंह एवं बाबा फतह सिंह के बलिदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।इस अवसर पर श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी के वीर बालकों ने अत्यंत कम आयु में ही धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दे दिया। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं ने, वीर बालकों ने जो यातनाएं सही हैं, उन्हें याद करके ही सिहरन पैदा हो जाती है। उन्होंने कहा कि सिख पंथ के हमारे गुरुओं तथा वीर बालकों ने देश और धर्म की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया, उसे भूल पाना संभव नहीं है तथा देश उसे हमेशा याद रखेगा। इतने छोटे बच्चों ने भी अपने आपको देश और धर्म के लिए समर्पित कर दिया। उनसे प्रेरणा लेकर हम भी अपने देश और मातृभूमि के लिए काम करें, आज वीर बाल दिवस पर यह संकल्प हम सभी को लेना चाहिए। श्रीमती चिटनिस ने कहा प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने 26 दिसंबर 2021 में वीर बाल दिवस की शुरूआत की थी तथा 26 दिसंबर को समर्पित किया। ताकि इस महान बलिदान की कहानी को याद रखा जा सके और कि आज के बच्चें प्रेरणा ले सके और इसे आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाया जा सके। श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि गुरू श्री गोबिंदसिंह जी का पूरा परिवार 21 दिसंबर से 27 दिसंबर इन्ही 7 दिनों में शहीद हो गया था। उन्होंने कहा कि ''सवा लाख से एक लड़ाउं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाउं, तबै गोबिंदसिंह नाम कहांउ'' गुरू श्री गोबिंदसिंह जी का अनमोल वचन है।श्रीमती अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के आव्हान पर भारतीय जनता पार्टी ने आज मंडल स्तर तक वीर बाल दिवस मनाकर और गुरु गोविंद सिंह जी के वीर बालकों की शहादत, उनके त्याग और बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि आज बाबा जोरावर सिंह और बाबा फतह सिंह का शहीदी दिवस है। इन वीर बालकों को मुगल आक्रांताओं द्वारा दीवार में चुनवा दिया गया था। श्रीमती चिटनिस ने कहा कि मात्र 7 और 9 वर्ष की अल्पायु में वीर बालकों ने अपने देश, धर्म और मातृभूमि की रक्षा के लिए जो बलिदान दिया है, वह अनुकरणीय है और उनके शहीदी दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

# भाजपा जिला अध्यक्ष पद के लिए संपन्न हुई रायशुमारी

### संगठन पर्व के तीसरे चरण में भाजपा जिला कार्यालय में रायशुमारी के लिए पहुंचे अपेक्षित कार्यकर्ता

● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर



बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी के संगठन पर्व के तीसरे चरण में गुरुवार को सुंदर नगर के भाजपा जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी संपन्न हुई।खतेगांव विधायक व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष शर्मा जी ने कहा- भारतीय जनता पार्टी संगठन पर्व अंतर्गत आज तीसरा चरण में जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी संपन्न हुई है। जिसमें सभी अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की उपथिति में सफलतापूर्वक रायशुमारी की गई। निर्वाचन पर्यवेक्षक श्री महेंद्र जी भटनागर, जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष शर्मा जी, जिला सह निर्वाचन अधिकारी श्री कैलाश पारीक जी, सह निर्वाचन श्री अरुण पाटिल जी की उपस्थिति में लिफाफे सीलबंद किए गए। पर्यवेक्षक श्री महेंद्र जी भटनागर को सौंपा गया। जिला सह निर्वाचन अधिकारी व जिला कोषाध्यक्ष श्री कैलाश पारीक जी ने बताया- भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष पद की रायशुमारी में भाजपा की 39 में से 37 अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी और जनप्रतिनिधियों से बारी-बारी संभावित नामों के सुझाव मांगे गए। इन नामों की सूची प्रदेश निर्वाचन अधिकारी को भेजी गई है। यहां से संभावित नामों पर विचार कर आगे बढ़ाया जाएगा। रायशुमारी का सिलसिला देरशाम तक चलती रहा। दो अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी व जनप्रतिनधि भोपाल में अपने सुझाव देंगे।रायशुमारी में यह अपेक्षित पदाधिकारी-जनप्रतिनिधि शामिल हुएरायशुमारी के लिए अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारियों में जिले के मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि, खंडवा लोकसभा सांसद, जीते-हारे विधायक, जिला प्रभारी, संभाग प्रभारी, प्रदेश पदाधिकारी, राष्ट्रीय पदाधिकारी, मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, वर्तमान, निर्वतमान जिला अध्यक्ष, जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महापौर, सभापति, नेता प्रतिपक्ष, नगर पालिक अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, मोर्चो के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश कोर ग्रुप, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, पूर्व निगम, मंडल, प्राधिकरण अध्यक्ष, जिले के प्रभारी, संभाग प्रभारी को शामिल किया गया।

## महिला अधिकार मंच द्वारा मुंबई से आये डॉक्टरों का फलों की टोकरी भेंट कर किया स्वागत और शिविर में बच्चों को बिस्किट फलों का वितरण



● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत बाल हृदय रोग शिविर का आयोजन आज डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागृह में किया गया उपरोक्त शिविर में सम्पूर्ण जिले से पूर्व से चिन्हांकित एवं नए धनात्मक पाए गए हृदय रोग बच्चों की इको कार्डियोग्राफी द्वारा हृदय की जांच की गई इसके पश्चात सर्जरी के लिए पॉजिटिव पाए गए बच्चों को ऑपरेशन के लिए भेजा जाएगा उक्त शिविर में भारत के विख्यात चिकित्सालय नारायणा हृदयालय की टिम द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया इसमें नारायणा हृदयालय एसआरसीसी चिल्ड्रेन हॉस्पिटल के सुप्रसिद्ध चिकित्सक डॉ प्रिया प्रधान ने सभी बच्चों का परीक्षण किया उक्त शिविर में मुंबई से आए डॉ प्रिया प्रधान का महिला अधिकार मंच की ज़िला अध्यक्ष प्रेमलता साँकले और टीम द्वारा फलो की टोकरी देकर स्वागत किया गया एवं टीम द्वारा शिविर में आय हुए स्मस्त बच्चों को फल बिस्किट वितरित किए गए उक्त शिविर का आयोजन जिला स्वास्थ्य सीमित बुरहानपुर ने किया राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम प्रबंधक डॉ विजेंद्र सिंह ने बताया कि उक्त शिविर में 81 बच्चो का पंजीयन हुआ तथा 41 बच्चे ऑपरेशन के लिए। चिन्हित किए गए नोट :- उक्त शिविर का मुख्य आर्कषण यह था कि apl bpl और ऐसे परिवार जो इनकम टैक्स भरते हे अगर बच्चा चिन्हित होता ही तो फ्री ऑपरेशन किया जाएगा एवं जिन बच्चों के माता-पिता आर्थिक रूप से असक्षम है अपने बच्चों को इलाज के लिए बुरहानपुर से बाहर अस्पताल में ले जाने में उनके लिए आने-जाने की सुविधा महिला अधिकार मंच उपलब्ध कराएगाउक्त शिविर में शासन स्तर से डॉ विजेंद्र सिंह के साथ समस्त rbsk दल उपस्थित रहा महिला अधिकार मंच से जिला अध्यक्ष श्रीमती प्रेमलता साँकले , रजनी गट्टानी, मंगला दुबे, अश्विनी भूमिका ,डॉ फोजिया सोडावाला मुंबई एसआरसीसी नारायणा हृदयालय से डॉ प्रिया प्रधान पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट , देशमुख आदि मौजूद रहे

## मैरिज लॉन,मैरिज हॉल,एवं डीजे साउंड सिस्टम संचालकों की पुलिस कंट्रोल रूम में ली गई बैठक

### मैरिज लॉन,मैरिज हॉल,एवं डीजे साउंड सिस्टम संचालकों को दो स्पीकर बॉक्स को निर्धारित डिसिबल छोटे वाहन में रखकर बजाने की दी हिदायत

● प्रदेश स्वराज। फिरोज खान

पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश के निर्देशन में दिनांक 27/12/24 को पुलिस कंट्रोल रूम बुरहानपुर में नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल एवं एसडीएम पल्लवी पौराणिकद्वारा मैरिज लॉन, मैरिज हाल,एवं साउंड सिस्टम संचालकों की मीटिंग ली गई जिसमें जिले के समस्त साउंड सिस्टम डीजे एवं मैरिज लॉन मैरिज हॉल संचालक उपस्थित हुए जिसमें डीजे संचालकों को सिर्फ दो स्पीकर बॉक्स को निर्धारित डिसिबल छोटे वाहन में रखकर बजाने की एवं मैरिज लॉन संचालकों को भी दो बॉक्स कम डिसिबल में बजाने की हिदायत दी गई डीजे पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा संचालकों को सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करने हिदायत दी गई मीटिंग में नगर



पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल बुरहानपुर एसडीएम पल्लवी पौराणिक थाना प्रभारी, कोतवाली, शिकारपुरा, गणपतिनाका, लालबाग उपस्थित रहे।

## गांव-गांव चलो समाज को जोड़ो अभियान के तहत 1 जनवरी को होगा विशाल बाइक रैली का प्रदर्शन

● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

1 जनवरी शौर्य दिवस का प्रचार प्रसार गांव-गांव जाकर कर रही है भीमआर्मी। इस दरमियान कार्यकर्ताओं को सुझाव दिए जा रहे हैं कि रैली में हेलमेट लगाकर ही आना है और खास तौर से किसी भी प्रकार का नशा ना करें। यातायात नियमों का पालन करते हुए अपने-अपने रूट से चले जिससे अन्य किसी को तकलीफ ना हो।दत्तू मेढ़ेजी ने जानकारी देते हुए बताया कि यह रैली प्रतिवर्ष इसलिए निकाली जाती है क्योंकि इस दिन अर्थात 1 जनवरी 1818 को सम्मान और स्वाभिमान के लिए बाजीराव पेशवा द्वितीय के साथ भीमा नदी किनारे एक युद्ध हुआ था जिसमें 28 हजार पेशवा सैनिकों को 500 महार सैन समुदाय ने पेशवाओ पर विजय हासिल की थी । भीमा कोरेगांव के वीर शहीदो के




शहादत को अभिवादन करने विशाल मोटरसाइकिल रैली निकालकर मान वंदना करने डॉ बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा के पास पहुंचते हैं रैली ग्राम लोनी से प्रारंभ होगी कलेक्टर कार्यालय सिंधी बस्ती लालबाग तुलसी मॉल लोदीपुर गणपति थाना बाईपास सिंधी बस्ती शनवारा जयस्तम इकबाल चौक गांधी चौक फवारा चौक शनि मंदिर भाई साहब की हवेली अग्रसन चौराहा पांडूमल चौराहा राजपुरा बुद्ध विहार डाकवाड़ी होते हुए बड़े पोस्ट ऑफिस बाबा साहब के प्रतिमा के पास समापन समापन होगा । इसी के चलते हुए भीम आर्मी द्वारा समाज के वरिष्ठों का सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें 50 से अधिक समाजसेवियों का स्वागत किया जाएगा ।

# श्रीमद् भागवत कथा संकीर्तन हरि नाम सोहळा

● प्रदेश स्वराज। बुरहानपुर

विधायक, पूर्व कैबिनेट मंत्री श्रीमती अर्चना चिटनिस (दीदी) ने आज बुरहानपुर के ग्राम बंभाडा में आयोजित ह.भ.प. नितिन महाराज जी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा संकीर्तन हरि नाम सोहळा में सम्मिलित होकर कथा श्रवण कर आरती की।





स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक दिनेश शिवहरे द्वारा डिजीटल पब्लिकेशन कमल प्लाजा कॉम्प्लेक्स अमरावती रोड़ , जिला बुरहानपुर (म.प्र.) से मुद्रित एवं सुभाष नगर, लालबाग रोड जिला बुरहानपुर (म.प्र) से प्रकाशित।
संपादक - दिनेश शिवहरे * (सभी वाद-विवाद बुरहानपुर न्यायालय के अंतर्गत रहेगा।)